चिन्नार वन्यजीव अभयारण्य : इंडियन स्टार कछुओं का मुख्य आवास स्थल

drishtiias.com/hindi/printpdf/chinnar-wildlife-sanctuary-hitches-wagon-to-star-tortoises

संदर्भ

चिन्नार वन्यजीव अभयारण्य (Chinnar Wildlife Sanctuary -CWS) में केरल के वन विभाग द्वारा एक महत्त्वकांक्षी प्रोजेक्ट चलाया गया है। इसके अंतर्गत तस्करों से जब्त किये हुए इंडियन स्टार कछुओं (Indian star tortoises - Geochelone elegans) का पुनर्वासन किया गया है। यह प्रोजेक्ट अत्यधिक सफल सिद्ध हुआ है। इस प्रकार चिन्नार वन्यजीव अभयारण्य देश में स्टार कछुओं का एकमात्र पुनर्वास केंद्र बन गया है।

प्रमुख बिंदु

- केरल में मात्र चिन्नार वन्यजीव अभयारण्य ही एक ऐसा स्थान है जहाँ के जंगल में स्टार कछुए पाए जाते हैं। वर्तमान में यह अभयारण्य शिकारियों से जब्त किये गए 450 कछुओं का आवास स्थल है। इस कार्यक्रम की सफलता सराहनीय है क्योंकि स्टार कछुए इस अभयारण्य के लिये एक आदर्श बन गए हैं।
- इस प्रोजेक्ट की शुरुआत अगस्त 2015 में की गई थी जब नेडुंबैस्शी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के सीमा शुल्क अधिकारियों ने असामान्य प्रेषित माल को जब्त किया जिसमें 200 स्टार कछुए भरे हुए थे। इन कछुओं को पूर्वी एशिया ले जाया जा रहा था। इन्हें वन विभाग को सौंप दिया गया परन्तु सवाल यह था कि इन कछुओं को कहाँ छोड़ा जाए।
- इन्हें चिड़ियाघर अथवा जंगली क्षेत्रों में छोड़ना उचित नहीं था क्योंकि प्राकृतिक रूप से वे वहाँ के अनुकूल नहीं हैं अतः चिन्नार वन्यजीव अभयारण्य ने इरेविकुलम नेशनल पार्क के वन्यजीव प्रबंधक जी.प्रसाद और चिन्नार वन्यजीव अभयारण्य के सहायक वन्यजीव प्रबंधक पी.एम.प्रभु के नेतृत्व में एक विशेष प्रोजेक्ट का गठन किया।

इंडियन स्टार कछुए

- यह कछुए की एक संकटग्रस्त प्रजाति है।
- यह भारत और श्रीलंका के सूखे क्षेत्रों और झाड़दार जंगलों में पाया जाता है।
- यह प्रजाति विदेशी पालतू व्यापार के लिये लोकप्रिय है तथा यही इनके संकटग्रस्त होने का कारण भी है।
- बाहरी देशों में धन प्राप्ति के लिये जीवित इंडियन स्टार कछुओं को शुभ माना जाता है। इंडियन स्टार कछुओं को वन्यजीव अधिनियम के अंतर्गत संरक्षण प्राप्त है।

चिन्नार वन्यजीव अभयारण्य

- यह केरल राज्य के इदुक्की ज़िले में स्थित है।
- यह केरल के संरक्षित भागों में स्थित 12 वन्यजीव अभयारण्यों में से एक है।
- यह इसके दक्षिण में स्थित इरेविकुलम नेशनल पार्क के अधिकार क्षेत्र में है।

- इसके उत्तर में इंदिरा गाँधी वन्यजीव अभयारण्य और पूर्व में कोडाईकनल वन्यजीव अभयारण्य स्थित हैं।